A **609**

समग्र शिक्षा, केरल

SECOND TERMINAL EVALUATION 2019-20

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

कक्षा 6 **हिंदी** **समय : 2 घंटे**

सामान्य निर्देशः

- ∗ **पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- ∗ **गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।**
- ∗ **2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।**

गतिविधि 1

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नेहरू जी स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे। वे 17 वर्ष तक प्रधानमंत्री रहे। वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे। उन्हें बच्चे चाचा जी कहकर पुकारते हैं। उनके जन्म दिवस की याद में 14 नवंबर को बालदिवस मनाते हैं।

क) नेहरू जी कौन थे?

अ) राष्ट्रपति आ) प्रधानमंत्री

इ) राष्ट्रपिता ई) मुख्यमंत्री

ख) किसकी याद में बालदिवस मनाते हैं?

अ) गाँधी जी की आ) कलाम जी की

इ) नेहरू जी की ई) नेताजी की

ग) नेहरू जी कितने वर्ष तक भारत के प्रधानमंत्री रहे?

अ) 17 आ) 15

इ) 16 ई)14

घ) बालदिवस कब मनाते हैं?

अ) 1 नवंबर आ) 12 नवंबर

इ) 14 नवंबर ई) 10 नवंबर

ङ) बच्चे नेहरू जी को क्या कहकर पुकारते हैं?

अ) बापू जी आ) चाचा जी

इ) बाबा जी ई) नाना जी

गतिविधि 2

सूचनाः कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

भारत देश हमारा है,
सब देशों से न्यारा है।
कल-कल बहती नदियाँ इसकी
मीठे गीत सुनाती हैं।
रिमझिम-रिमझिम बरसते बादल
देश की प्यास बुझाते हैं।

क) यहाँ 'मेघ' के लिए प्रयुक्त शब्द क्या है?
(बादल, धरती, नदी, देश)

ख) कौन मीठे गीत सुनाती हैं?

ग) कवितांश का **आशय** लिखें।

गतिविधि 3

सूचनाः 'हिंदुस्तान हमारा' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

इसकी खूबसूरत भौगोलिक झलक, समय-समय पर रंग बदलते अनोखे मौसम, शान बनी संपन्न संस्कृति सब इस ताज में जड़े हीरे हैं।

क) सही मिलान करें।

खूबसूरत भौगोलिक	संस्कृति
रंग बदलते अनोखे	झलक
शान बनी संपन्न	मौसम

ख) भारत की खूबियों पर एक **नारा गीत** लिखें।

गतिविधि 4

सूचनाः 'इंसानियत की मिसाल' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लखनऊ के राजीव शर्मा और राजस्थान के पारीख को घर जाने की बारी कई दिन पहले आ गई थी। लेकिन इन्होंने जाने से मना कर दिया। औरों की तकलीफ़ देख कर इन्होंने अपना मौका दूसरे ज़रूरतमंदों को दे दिया।

क) पारीख का घर कहाँ है?

(लखनऊ, मुंबई, राजस्थान, चेन्नै)

ख) राजीव शर्मा की उस दिन की **डायरी** लिखें।

- बद्रीनाथ में प्रलय
- घर जाने का अवसर आने पर भी नहीं जाना
- हज़ारों लोगों की सहायता करना
- लोगों की प्रशंसा और खुशी

गतिविधि 5

सूचना : 'नन्हा उल्लू पाठभाग से संबंधित ये चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।



क) चित्रों के आधार पर वाक्यों को **क्रमबद्ध** करें।

- मैं तुमसे प्यार करता हूँ, अम्मा।
- तो, कितना ऊँचा है आसमान!
- आसमान में कितने सितारे हैं!
- समुद्र में कितनी लहरें हैं!

आ) नमूने के अनुसार बदल कर लिखें।

- अम्मा उल्लू मुस्काने **लगी**। नन्हा उल्लू मुस्काने **लगा**।
- अम्मा उल्लू पेड़ पर **बैठी**। नन्हा उल्लू पेड़ पर ......।

गतिविधि 6

सूचनाः समाचार का अंश पढ़ें, उत्तर लिखें।

पिछले दो दिनों से केरल में भारी वर्षा हो रही है। कई स्थानों पर बाढ़ के कारण खेती-बाड़ी का नाश हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रकृति के संरक्षण से ही हम इस प्रकार के विनाश से बच सकते हैं।

खेती-बाड़ी- കൃഷി   विशेषज्ञ - വിദഗ്ധർ, experts

क) प्रकृति संरक्षण की आवश्यकता का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

ख) सही प्रस्ताव चुन कर लिखें।

- प्रकृति का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है।
- प्रकृति का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य नहीं है।
- प्रकृति का संरक्षण करना दूसरों का कर्तव्य है।
- प्रकृति का संरक्षण करना हमारा या दूसरों का कर्तव्य नहीं है।